परिसीमन / अत्यावश्यक

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

संख्या– प0नि0 30–80 / 2026-4231

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला दंडाधिकारी, लखीसराय।

पटना, दिनांक– 29.10.26

विषय :– बड़हिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुर के राजस्व ग्राम से संबंधित मार्गदर्शन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–2104, दिनांक–08.10.2026

महाशय,

उर्पयुक्त विषयक आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा बड़हिया प्रखंड के ग्राम पंचायत जैतपुर के राजस्व ग्राम के संदर्भ में मार्गदर्शन की मांग की गई है। पत्र में अंकित किया गया है कि राजस्व ग्राम जैतपुर (थाना संख्या–01) के वार्ड संख्या 01 से 07 की आबादी 1976 में गंगा कटाव से विस्थापित होकर राजस्व ग्राम / मौजा ईंगलिश, इन्दुपुर एवं बड़हिया में 1976 से ही बसा हुआ है।

पत्र के साथ संलग्न प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्र में अंकित किया गया है कि राजस्व ग्राम / मौजा ईंगलिश, इन्दुपुर एवं बड़हिया नगर परिषद का क्षेत्र है जबकि नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिसूचना संख्या 1275, दिनांक–14.05.2022 द्वारा निर्गत निदेश के कॉलम–04 में राजस्व ग्राम ईंगलिश (थाना संख्या–186) एवं राजस्व ग्राम ईन्दुपुर (थाना संख्या–184) को नगर निकाय के चौहद्दी में अंकित किया गया है। उक्त से परिलक्षित होता है कि राजस्व ग्राम ईंगलिश (थाना संख्या–186) एवं राजस्व ग्राम ईन्दुपुर (थाना संख्या–184) नगर परिषद बड़हिया का हिस्सा नहीं है।

वर्णित मामले में निदेशानुसार अनुरोध है कि तत्संबंधी मामले की जांच जिले के किसी वरीय पदाधिकारी से कराते हुए प्राप्त प्रतिवेदन पर यथोचित / समुचित निर्णय लिया जाए एवं तत्संबंधी प्रतिवेदन से आयोग को अवगत कराये जाने की कृपा की जाए।

कृपया इसे अतिआवश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

29/10/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847 E-mail: secbihar@gmail.com

इस पत्र के सत्यापन हेतु क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करें।
https://d.docs.live.net/48b4aa91bbead76b/Desktop/Yogesh ji/Panchayat Parisiman/Other Letter 12.docx